प्रेषक,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
फिरोजाबाद।

सेवामें,

**प्रबन्धक,**
**दि एशियन पू0मा0वि0**
**शम्भू नगर शिकोहाबाद।**

पत्रांक/मान्यता जू0हा0/4193-98 /2007-08 दिनांक- 12/6/07

विषय-- अशासकीय जू0हा0स्कूल स्तर कक्षा 6-8 तक की ब श्रेणी की मान्यता प्रदान करने के सम्वन्ध में।

महोदय,

शासनादेश संख्या-648/15-6-97-18एस(7/89) दिनांक-- 13-08-97 एवं शिक्षा निदेशक बेसिक एवं अध्यक्ष उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद के पत्रांक बे0शि0प0 सामान्य 05/21716-22010 1996-97 दिनांक- 02-10-97 के द्वारा निर्गत आदेशों के अन्तर्गत मण्डल स्तर पर गठित मान्यता समिति की बैठक दिनांक- 11-06-2007 में लिये गये निर्णय के अनुसार आपके विद्यालय को कक्षा 6 से 8 तक की अस्थाई मान्यता निम्न प्रतिबन्धों के साथ प्रदान की जाती है।

1 विद्यालय में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा निहत पाठ्य पुस्तकों से भिन्न पाठ्यक्रम में न तो शिक्षा दी जायेगी और न पाठ्य पुस्तकों का प्रयोग किया जायेगा।

2 बेसिक शिक्षा परिषद अधिनियम तथा नियमावली के उपबन्धों तथा परिषद द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा समय-समय पर जारी किये गये निर्देशों का पालन आपको करना होगा।

3 विद्यालय के सुचारू रूप से संचालन के लिये पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व प्रवन्धतन्त्र का होगा।

4 विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर शुल्क लिया जायेगा।

5 विद्यालय में शिक्षा का माध्यम देवनागरी लिपि होगी। अनिवार्य विषय के रूप में हिन्दी पढाई जायेगी। सभी वर्ग धर्म जाति के बच्चों का प्रवेश किया जाना अनिवार्य होगा।

6 जिस नाम से मान्यता दी जा रही है उसी नाम का अंकन विद्यालय भवन पर करना अनिवार्य होगा।

विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक 04 सहा0अध्यापक एक लिपिक एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद सृजित माने जायेगे। इस जन शक्ति में त्रिभाषा प्रसार प्राप्त अध्यापक संम्मिलित माने जायेगे। शासकीय/विभागीय आदेशों का पालन न करने की स्थिति में मान्यता प्रत्याहरण करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

भवदीय

(जे0एस0शाक्य)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
फिरोजाबाद।

पृष्ठाकंन-संख्या व दिनांक उक्तवत्।
प्रतिलिपि- निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1- शिक्षा निदेशक बेसिक उ0प्र0 लखनऊ।
2- सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- जिला समाज कल्याण अधिकारी फिरोजाबाद।
4- उप बेसिक शिक्षा अधिकारी/नगर शिक्षा अधिकारी
5- सहा0बेसिक शिक्षा अधिकारी सम्वन्धित क्षेत्र।